आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
मंगलवार 21.01.2025
समय 1830

मुख्य समाचार :–

- प्रदेश में निकाय चुनाव प्रचार थमा, 23 जनवरी को होगा मतदान।
- राज्य के शहरी निकायों के लिए कल पोलिंग पार्टियां मतदान केंद्रों के लिए रवाना होंगी।
- खेल मंत्री रेखा आर्या ने 38वें राष्ट्रीय खेलों के आयोजन स्थलों पर सभी व्यवस्थाएं बेहतर करने के निर्देश दिए।
- राजाजी टाइगर रिजर्व में वनाग्नि की रोकथाम और जल भंडारण तकनीक पर कार्यशाला का आयोजन।

निकाय चुनाव प्रदेश

प्रदेश में निकाय चुनाव प्रचार आज शाम 5 बजे थम गया है। चुनाव प्रचार की समय सीमा समाप्त होने के बाद प्रत्याशी शक्ति प्रदर्शन, जनसभा और रोड शो नहीं कर सकेंगे। इस बीच, राज्य निर्वाचन आयोग के सचिव राहुल कुमार गोयल ने सभी जिलाधिकारियों और प्रेक्षकों को पत्र के माध्यम से चुनाव का प्रचार–प्रसार और सार्वजनिक सभाओं के आयोजन को प्रतिबंधित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने बताया कि प्रिंट या इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में पूर्व से प्रसारित किए जा रहे किसी ऐसे विज्ञापन को प्रसारित किया जा सकता है, जिसमें आदर्श आचार संहिता का अनुपालन सुनिश्चित किया गया हो। श्री गोयल ने बताया कि इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में प्रत्याशी, राजनीतिक दल या किसी अन्य व्यक्ति द्वारा कोई भी निर्वाचन संबंधी साक्षात्कार, बैठक या बहस आदि प्रसारित नहीं किए जाएंगे।

ब्रीफिंग देहरादून

निकाय चुनाव के लिए आगामी 23 जनवरी को होने वाले मतदान को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए आज पुलिस लाइन देहरादून में जिलाधिकारी और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने चुनाव ड्यूटी में लगे पुलिस बलों और प्रशासनिक अधिकारियों को ब्रीफ किया। इस दौरान उन्होंने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। इस बीच, चुनाव के दृष्टिगत देहरादून जिले को 4 सुपर जोन, 27 जोन, 63 सेक्टरों में बांटा गया है। इसके अलावा जिले में कुल 4 अन्तर्राज्यीय बैरियर और 13 चेकिंग बैरियर बनाये गये हैं।

पुलिस ब्रीफिंग रुद्रपुर

ऊधमसिंह नगर जिले में निकाय चुनाव को निष्पक्ष और शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए आज पुलिस लाइन रुद्रपुर में जिला निर्वाचन अधिकारी और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने चुनाव ड्यूटी में तैनात सुरक्षा बलों को ब्रीफ किया। जिला निर्वाचन अधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने कहा कि सभी सुरक्षा कार्मिकों को उनके दायित्वों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई, ताकि मतदान और मतगणना में कोई भी चूक न हो।

गौरतलब है कि जिले में निकाय क्षेत्रों को 3 सुपर जोन, 23 जोन और 53 सैक्टरों में बांटकर 2 हजार 656 सुरक्षा बलों की तैनाती की गई है। पिंक बूथों पर महिला सुरक्षा कर्मी की तैनाती के साथ ही प्रत्येक थाने में एक–एक क्यूआरटी टीम तैनात की गई है।

निरीक्षण चमोली

चमोली के जिला निर्वाचन अधिकारी संदीप तिवारी और पुलिस अधीक्षक सर्वेश पंवार ने राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, गोपेश्वर में बनाए गए स्ट्रांग रूम और मतगणना कक्षों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने मतगणना केन्द्रों में एलईडी स्क्रीन, बैरिकेडिंग, सुरक्षा प्रबंध और सीसीटीवी कैमरे सहित अन्य सभी व्यवस्थाओं को समय से पूरा करने के निर्देश दिए। इस बीच, आज मतदान कार्मिकों का तीसरा और अंतिम रेंडमाइजेशन किया गया, जिसमें पोलिंग पार्टियों को मतदेय स्थल आवंटित किए गए। जिले की 4 नगर पालिका परिषद और 6 नगर पंचायत में बनाए गए 80 पोलिंग बूथों के लिए रिजर्व पार्टी सहित 103 पोलिंग पार्टियां बनाई गई हैं और 412 कार्मिकों की तैनाती की गई है। पोलिंग पार्टियां कल सुबह 8 बजे स्पोर्ट्स स्टेडियम गोपेश्वर से रवाना की जाएंगी। इसी दौरान पोलिंग पार्टियों को उनके मतदेय स्थल की जानकारी भी दी जाएगी।

रेंडमाईजेशन रुद्रप्रयाग

रुद्रप्रयाग में निकाय चुनाव के मतदान के लिए तैनात किए गए पीठासीन और मतदान अधिकारियों का आज तीसरा रेंडमाईजेशन किया गया। जिले में रिजर्व सहित 37 पोलिंग पार्टियां तैनात की गई हैं, जिसमें 30 पोलिंग पार्टियों द्वारा मतदान प्रक्रिया संपन्न कराई जाएगी। जिले में मतगणना के लिए 26 टेबल लगाई जाएंगी।

राष्ट्रीय खेल

खेल मंत्री रेखा आर्या ने आज देहरादून में आयोजित बैठक में सभी विभागों के अधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए 38वें राष्ट्रीय खेलों की व्यवस्थाओं की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने खिलाड़ियों और सपोर्टिंग स्टाफ के ट्रांसपोर्ट, खाने, रहने सहित अन्य व्यवस्थाओं की जानकारी ली और अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए।

श्रीमती आर्या ने खेलों के दौरान आयोजन स्थलों पर स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर रखने के संबंधित अधिकारियों को भी निर्देश दिए।

वनाग्नि कार्यशाला

जंगली जानवरों को पानी की तलाश में आबादी का रुख करने से रोकने के लिए जंगलों में ही जल भंडारण तकनीक विकसित करने को लेकर आज हरिद्वार के राजाजी टाइगर रिजर्व में कार्यशाला का आयोजन किया गया। रिजर्व के उपनिदेशक महातीम यादव ने बताया कि वनाग्नि को रोकने के लिए रिजर्व द्वारा अपनाया जा रहे मॉडल के बारे में कॉर्बेट नेशनल पार्क के कर्मचारियों को जानकारी दी गई, ताकि वे भी इसका लाभ ले सकें। इसके अलावा उन्होंने जंगलों में जल स्रोतों को विकसित करने के लिए कुएं के निर्माण और इनके माध्यम से विभिन्न जल भंडारण स्थलों तक जल पहुंचने के लिए विशेष तकनीक का सहारा लेने पर बल दिया।

राष्ट्रीय एकता यात्रा

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह से आज राजभवन में ''राष्ट्रीय एकता यात्रा'' पर आए केंद्र शासित प्रदेश, लद्दाख के चांगथांग क्षेत्र के छात्र–छात्राओं ने भेंट की। भारतीय सेना की 14वीं कोर मुख्यालय के मेजर अंशुमन शर्मा के नेतृत्व में पहुंचे इन बच्चों से राज्यपाल ने संवाद करते हुए कहा कि सफलता के लिए कठोर परिश्रम, लगन और निष्ठा जरूरी है। राज्यपाल ने भारतीय सेना और ''ऑपरेशन सद्भावना'' की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम राष्ट्रीय एकता को सुदृढ़ करने के साथ ही दूरस्थ क्षेत्रों के बच्चों के समग्र विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।